पीएम श्री केवी वायु सेना स्थल राजोकरी

शैक्षिक भ्रमण

प्राचार्य श्री मृगेंद्र श्रीवास्तव के निर्देशन में केंद्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल राजोकरी के प्राथमिक विभाग की कक्षा चौथी और पांचवी दिनांक 19 दिसंबर 2023 को PUSA, नई दिल्ली में शैक्षिक भ्रमण के लिए गए। प्राचार्य और मुख्य अध्यापिका के शुभकामना संदेश के साथ विद्यार्थियों ने प्रातः 8:30 पर केंद्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल से अपनी यात्रा आरंभ की और प्रातः 9:30 बजे पूसा नई दिल्ली शैक्षिक भ्रमण स्थल पर पहुंच गए। पूसा नई दिल्ली के अधिकारी डॉ.अविनाश जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण आरंभ हुआ और उनके द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने बच्चों को खेती-बाड़ी बागवानी आदि के बारे में बड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की । इस शैक्षिक भ्रमण में श्री नवीन कुमार और श्री महानंद किशोर प्राथमिक शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को खेती-बाड़ी पेड़ पौधों और बागवानी आदि के बारे में बच्चों को बहुत सी जानकारी प्रदान की। श्रीमती दीप्ति कालरा धुलिया, श्रीमती मीनाक्षी, श्रीमती संतोष, श्रीमती कमलेश मीना,श्री गौरव कुमार, श्री मुकुल आनंद, श्री शुभम भकत, श्रीमती पिंकी और सुश्री मेघा के साथ सभी बच्चे अनुशासन में रहते हुए प्रदर्शनी कक्षा में गए और वहां पर प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक की कृषि और खेती-बाड़ी के दर्शाए गए तरीकों को देखा और उनकी विशेष जानकारी प्राप्त की। यहां भी श्री नवीन कुमार श्री महानंद किशोर और श्री गौरव कुमार द्वारा बच्चों को प्रदर्शनी कक्षा में दिखाई गई झांकियां के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों ने और शिक्षकों ने मिलकर भोजन किया और सभी बच्चों ने विशेष कर कक्षा पांचवी की हंसिका और सुहानी ने भोजन उपरांत पहले थैलियों, प्लास्टिक के लिफाफों और अखबारों को एकत्र कर उस स्थान की सफाई की। इसके उपरांत 12:45 अपराह्न पर सभी बच्चे अपनी अपनी बस में बैठकर वापस विद्यालय के लिए निकले और 1:35 अपराह्न पर सभी विद्यार्थी सुरक्षित और आनंद के साथ केंद्रीय विद्यालय वायु सेवा स्थल रजोकरी में पहुंच गए। विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण पर बागवानी, कृषि, पेड़ पौधों का रखरखाव, खाद और कृषि की नई-नई तकनीक कों की जानकारी प्राप्त की और भरपूर आनंद उठाया। सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण को अपने-अपने सहयोग से सफलतापूर्वक संपूर्ण किया।

VJ | 2023.12.19 09:05

VJ | 2023.12.19 11:36
राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर
NATIONAL AGRICULTURAL SCIENCE COMPLEX
राष्ट्रीय कृषि विज्ञान संग्रहालय